# 100 औद्योगिक पार्क बनेंगे

## ■ प्लग एंड प्ले मोड पर मिलेंगी सुविधाएं...विनिर्माण को बढ़ावा

देश के विकास और रोजगार सृजन में अहम योगदान देने वाले विनिर्माण(मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 100 शहरों में प्लग एंड प्ले पार्क स्थापित किए जाएंगे। प्लग एंड प्ले सुविधा वाले पार्क में मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी तमाम सुविधाएं जैसे कि भवन, बिजली, पानी, कच्चे माल की उपलब्धता, तैयार माल को बाजार तक या पोर्ट तक ले जाने की सुविधा पहले से मौजूद होती है। उद्यमी को वहां सिर्फ मशीन लगाकर उत्पादन शुरू करना होता है। चीन व अन्य देशों में वर्षों से प्लग एंड प्ले मॉडल पर मैन्युफैक्चरिंग हो रही है। कारोबार बड़ा होने पर कारोबारी दूसरी जगह बड़े स्तर पर यूनिट लगा सकते हैं। भारत में भी लंबे समय से ऐसे पार्कों की मांग हो रही थी। इसके साथ ही राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 12 नए इंडस्ट्रियल पार्क भी शुरू किए जाएंगे। इनके विकास में राज्यों और निजी क्षेत्र की साझेदारी रहेगी। हालांकि, यह पार्क कहां बनेंगे इस पर कोई घोषणा अभी नहीं की गई है।



### रोजगार के नए अवसर

विशेषज्ञों की मानें तो इस योजना के दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। इससे क्षेत्र में देश-विदेश के निवेशक रुचि लेंगे और निवेश को गति मिलेगी। हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। क्षेत्रीय व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। लोगों की आय बढ़ेगी। उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**व्यापार सुविधा की दिशा में कदम**

- घरेलू विमानन और नाव तथा जलयान के एमआरओ उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मरम्मत के लिए आयात की गई वस्तुओं के निर्यात के लिए समयावधि को छह महीने से बढ़ाकर एक वर्ष करने का प्रस्ताव।
- वारंटी वाली वस्तुओं को मरम्मत के लिए पुनः आयात करने की समय-सीमा को 3 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष करने का प्रस्ताव।